# ईच्छा की अभिव्यक्ति

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

1. राँची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 1. अरगोड़ा चौक 2. हिन्दुस्तानी ढाबा के पास के सौन्दर्यीकरण हेतु Vertical Garden का निर्माण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से "ईच्छा की अभिव्यक्ति" का प्रस्ताव **दिनांक 10/02/2023 के 1:00 बजे अपराह्न तक** आमंत्रित की जाती है।

2. **निविदा की महत्वपूर्ण तिथि :–**

2.1 प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 10/02/2023 के 1:00 बजे अप०

2.2 प्रस्ताव जमा करने का स्थान : **राँची नगर निगम, कचहरी रोड, राँची।**

2.3 तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10/02/2023 के 2:00बजे अप०

2.4 वित्तीय बीड़ खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10/02/2023 के 4:00बजे अप०

2.5 पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण का स्थान : सहायक नगर आयुक्त कार्यालय कक्ष।

2.5 पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण का समय:**दिनांक** 11/02/2023 **के 3:00बजे अपराह्न से** केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों को प्रस्तुतीकरण का अवसर दिया जायेगा।

2.7 मुहरबंद "ईच्छा की अभिव्यक्ति" स्वयं प्रस्तावक या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय सीमा के अन्दर राँची नगर निगम, राँची में जमा किया जा सकता है।

3. **ईच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) की प्रकिया**

3.1 प्रस्तावकों को अपना प्रस्ताव दो भाग में समर्पित करना होगा।

a) तकनीकी बीड को सीलबंद लिफाफा **"A"**में समर्पित करना होगा (लिफाफा पर स्पष्ट रूप से तकनिकी बीड लिखा होना चाहिए)।

b) वित्तीय बीड़ को सीलबंद लिफाफा **"B"** में समर्पित करना होगा (लिफाफा पर स्पष्ट रूप से वित्तीय बीड लिखा होना चाहिए)।

c) खूली ईच्छा की अभिव्यक्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

3.2 तकनीकी बीड़ में कंडिका (पारा)–4 में उल्लेखित सभी सूचना एवं कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3.3 वित्तीय बीड़ में कंडिका (पारा)–5 में दर्ज विवरणी के अनुरूप परियोजना का दर दर्ज किया जायेगा, जो सभी स्वीकार्य कर, डियूटी (Duties) एवं उठाव, परिवहन, हथालन,अधिष्ठापन संचालन आदि व्यय सहित होगा।



Scanned with OKEN Scanner

3.4 तकनीकी बीड़ एवं वित्तीय बीड़ का अलग–अलग सीलबंद लिफाफा एक तीसरे बडे सीलबंद लिफाफे के अन्दर रख कर जमा किया जायेगा। बडे सीलबंद लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से निम्नांकित सूचना दर्ज किया जायेगा –

a. प्रस्तावक का नाम, पता, मोबाईल नम्बर एवं ईमेल आई.डी. (यदि हो तो), निविदा सूचना संख्या एवं तिथि स्पष्ट रूप से दर्ज करेंगे।

b. ईच्छा की अभिव्यक्ति सहायक नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, राँची के पदनाम से प्रेषित की जायेगी।

## 4. तकनीकी बीड़ (लिफाफा–I–'A') :–

## Tech- 1

a) सुरक्षित जमा राषि के रूप में रू० 50000/– (रूपये पचास हजार) का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी डिमांड ड्राफ्ट प्रस्ताव के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो "Municipal Commissioner, RMC" के पदनाम से भुगतेय होगा।

b) GST पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जो तकनीकी बीड़ खुलने के समय वैद्य हो।

c) अद्यतन GST रिटर्न की छायाप्रति।

d) प्रस्तावित उपकरण/सामाग्री की गांरटी/वारंटी के लिए घोषणा पत्र।

e) पैन कार्ड की छायाप्रति।

f) निविदादाता के द्वारा इस आषय का शपथ पत्र (मूल प्रति) देना होगा कि :–

(क) निविदा के साथ संलग्न सभी अभिलेख सही (Genuine/Correct)हैं।

(ख) निविदाता केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा लोकउपक्रम द्वारा काली–सूची में नहीं डाला गया है।

g) प्रस्तावक को गुणवता संबंधी **प्रमाण पत्र** संलग्न करना अनिवार्य होगा।

h) ISO 9001 : 2015,ISO 14001 : 2015,गुणवता संबंधी **प्रमाणीकरण** की छायाप्रति।



Scanned with OKEN Scanner

Tech-1के अन्तर्गत उल्लेखित सभी दस्तोवजों के संतोषजनक होने के उपरान्त ही निविदादाता तकनीकी रूप से सक्षम माने जायेंगे एवं निम्न सारणी के अनुसार तकनीकी रूप से अंक प्रदान करने के लिए दस्तोवजों की जाँच की जायेगी:—

| क्रमांक | दस्तावेज | अंक | अधिकतम अंक | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **टर्नओवर (प्रत्येक वर्ष):—** | | | टर्नओवर संबंधी दस्तावेज :— |
| | (क)25 लाख से कम | 0 | 04 | (क) वित्तीय वर्ष 2019—20 |
| | (ख) 25 लाख से 50 लाख के बीच (50 लाख से कम) | 02 | | (ख) वित्तीय वर्ष 2020—21 |
| | (ग)1 करोड से अधिक | 04 | | (ग) वित्तीय वर्ष 2021—22 उक्त के प्रमाण स्वरूप आयकर रिर्टन एवं अंकेक्षित वित्तीय स्थिति विवरणी(Balance Sheet)(Tech-2) |
| 2 | **कार्यानुभव (क्षेत्रानुसार) :—** (चौक, चौराहा, City Beautification, Area Beautification या सौन्दर्यीकरण इत्यादि से संबंधित) | | | कार्यानुभव हेतु कार्यादेष की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अथवा संबंधित संस्था/विभाग का अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र। (Tech-3) |
| | (क) कोई कार्य अनुभव नहीं | 0 | 8 | |
| | (ख) निजी क्षेत्र का कार्यानुभव | 2 | | |
| | (ग) सरकारी/लोपउपक्रम का कार्यानुभव | 6 | | |
| 3 | **कार्यानुभव (प्रोजेक्ट अनुसार) (शौचालय/मूत्रालयनिर्माण)** | | 08 | कार्यानुभव हेतु कार्यादेष की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अथवा संबंधित संस्था/विभाग का अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र। (Tech-4) |
| | (क) 10 निर्माण से कम प्रोजेक्ट का अनुभव | 0 | | |
| | (ख) 20 निर्माण से कम प्रोजेक्ट का अनुभव | 5 | | |
| | (ग) 30 निर्माण से कम प्रोजेक्ट का अनुभव | 6 | | |
| | (घ) 50 से अधिक प्रोजेक्ट का अनुभव | 08 | | |
| 4 | **गुणवत्ता से संबंधित प्रमाणीकरण :—** | | 5 | संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति। (Tech-5) |
| | (क) कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं | 0 | | |
| | (ख) ISO 9001 : 2015 | 1 | | |
| | (ग) ISO 14001 : 2015 | 1 | | |
| | (घ) गुणवता संबंधी कोई अन्य प्रमाणीकरण | 3 | | |
| | **कुल अधिकतम अंक** | | 25 | |



Scanned with OKEN Scanner

संबंधित फर्म को निम्न प्रकार से तकनीकी भारांष (Weightage) दिया जायेगाः–

संबंधित फर्म का तकनिकी भारांष (Weightage) = संबंधित फर्म द्वारा प्राप्त तकनीकी अंक / अधिकतम तकनीकी प्राप्त अंक × 50

30 से अधिक तकनिकी भारांष प्राप्त करने वाले निविदादाता को ही प्रस्तुतिकरण हेतु योग्य माना जाएगा साथ ही साथ उनकी वित्तीय बीड खोला जाएगा।

तकनीकी बीड से संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते निम्न प्रकार से है :–

4.1 चेक / बैंक गारण्टी / फिक्स डिपोजिट रसीद / NSC के रूप में सुरक्षित जमा राषि स्वीकार्य होगी।

4.2 स्थानीय अनुभवी आपूर्तिकर्ता / Make in India/MSME के मार्गदर्षिका अनुरुप उत्पादक संस्था / फर्म को अन्य बाते समान होने पर वरीयता दी जाएगी।

4.3 निविदादाता को Vertical Garden के निर्माण से संबंधित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन / प्रस्ताव (DPR) जिसमें विस्तृत कार्ययोजना एवं उपकरणों की विवरणी दर्ज हो संलग्न करना होगा।

4.4 ईच्छा की अभिव्यक्ति प्रस्ताव के दस्तावेजों का सभी पृष्ठ में आपूर्तिकर्ता कम्पनी / प्रस्तावक / आपूर्तिकर्ता / फर्म / अन्यस्वीकार्य प्रस्तावकों द्वाराहस्ताक्षरित एवं संस्था के मुहर सहित होना अनिवार्य है।

4.5 प्रस्तावकों द्वारा प्रस्तावित दर की वैद्यता न्यूनतम 18 माह तक मान्य होना अनिवार्य होगा। इससे संबंधित सहमति पत्र संलग्न किया जायेगा।

4.6 निविदादाता द्वारा अग्रधन की राशि / जमानत की राषि के रूप में जमा किया गया बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, एजेन्सी अथवा उसके प्रोपराईटर के खाता से ही बनाया जाने पर मान्य होगा।

4.8 यदि निबंधित सम्वेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है, तो निविदा के साथ प्राधिकृत व्यक्ति का वैध अवधि का आचरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5. वित्तीय बीड़ (लिफाफा–II–"B') :–

5.1 परियोजना प्रस्ताव में उल्लेखित सभी प्रकार के कार्यों के लिए आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री / उपकरण का अधिष्ठापन / हथालन / परिवहन शुल्क एवं अन्य कार्य इत्यादि के लिए सभी प्रकार के कर सहितदर अंकित करना होगा।

5.3 सशर्त निविदा दर किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

5.4 सामग्री एवं कार्य के अनुरूप अव्यवहारिक / ओभरराइटिंग / अस्पष्ट हाथ से लिखा हुआ दर मान्य नहीं होगा। संशय की स्थिति में इस आधार पर प्रस्तावक के बीड़ को निरस्त किया जा सकेगा।



Scanned with OKEN Scanner

5.5 **दर की मानक विवरणी :–**

राँची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 1. अरगोड़ा चौक 2. हिन्दुस्तानी ढाबा के पास के सौन्दर्यीकरण हेतु Vertical Garden का निर्माण हेतु सभी कर, शुल्क, परिवहन, हथालन दर सहित दर्ज की जायेगी।

(A) कुल दर के आधार पर ही न्यूनतम दर वाले प्रस्तावक का चयन किया जायेगा, :–

$$\text{वित्तीय बोली का भारांष} = \frac{\text{L1 की वितीय बोली}}{\text{प्रस्तावक की वित्तीय बोली}} \times 25$$

5.6 उक्त प्रस्तावित दर शब्दो में भी स्पष्ट रूप से दर्ज किया जायेगा। प्रस्तावित दर सम्पूर्ण परियोजना के अधिष्ठापन के साथ जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित एजेन्सी/विभाग को हस्तांतरित करने हेतु "टर्न–की" आधार पर आधारित होगा। **मूल्यांकन समिति द्वारा सफल प्रस्तावकों से उनके प्रस्तावित दर में संशोधन हेतु आवश्यकतानुसार दर वार्ता भी किया जा सकता है।**

5.7 सौन्दर्यीकरण हेतु आधारभूत संरचना एवं आपूर्ति किये जाने वाली सामग्रियों का दर निम्न विवरणी के आलोक में दर्ज किया जायेगा :–

**दर हेतु तालिका निम्नवत् है :–**

| SL/NO | DESCRIPTION | RATE WITH GST(Per Unit) |
|---|---|---|
| | **Construction of vertical garden** | |
| 1. | Near Argora Chowk, Harmu Bypass road | |
| 2. | Near Hindustani Dhabha, Kanke | |
| | Total | |

6. **परियोजना प्रस्तुतिकरण (Presentation) :– (अंक–50)**

निविदादाता की प्रस्तुति का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडो के आधार पर किया जाएगा :–

a. NIT की विषिष्ठयों के अनुरूप पूर्णतः या अंषतः प्राप्त प्रस्ताव।

b. Vertical Garden निर्माण हेतु के लिए परियोजना प्रस्ताव के कार्य के दायरे की विस्तृत समझ, सक्षमता एवं कियान्वयन की तकनीकी सम्भाव्यता।

c. उत्पाद, सेवा एवं महत्वपूर्ण संरचना की स्थापना, संचालन पर तकनीकी जानकारी।

d. परियोजना पूर्णतः की समय सीमा, संचालन की निरन्तरता हेतु प्रषिक्षण दिषा–निर्देष एवं अधिष्ठापन पष्चात सेवा।

e. परियोजना से संबंधित यथार्थवादी दृष्टिकोण और पूर्व कार्य अनुभव।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Scanned with OKEN Scanner

**7. मूल्यांकन एवं चयन प्रक्रिया :–**

7.1 सर्वप्रथम तकनीकी निविदा/ईच्छा की अभिव्यक्ति खोली जायेगी तथा निविदा समिति द्वारा प्रस्ताव हेतु समर्पित सभी सहायक दस्तावेजों एवं दस्तावेजी साक्ष्य की जाँच की जायेगी। स्वीकार्य समर्पित सहायक दस्तावेजों/संबंधित दस्तावेजी साक्ष्यों को प्रस्तुत करने में असमर्थता की स्थिति में प्राप्त तकनीकी बीड़/सम्पूर्ण प्रस्ताव को रद्द करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा।

7.2 न्यूनतम 18 तकनीकी भारांष प्राप्त करने वाले प्रस्तावकों को परियोजना प्रस्तुतीकरण (Presentation) के लिए आमंत्रित किया जायेगा। परियोजना प्रस्तुतीकरण (Presentation) के लिए अधिकतम 50 अंक निर्धारित है। परियोजना प्रस्तुतीकरण (Presentation) के लिए गठित मूल्यांकन समिति द्वारा अंक प्रदान किये जायेंगे।

7.5 तत्पष्चात न्यूनतम 18 तकनीकी भारांष प्राप्त करने वाले निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोला जायेगा। वित्तीय बीड कुल 25 अंको की होगी जिसका भारांष निम्न रूप से प्रदान किया जायेगा :–

$$\text{वित्तीय बोली का भारांष} = \frac{\text{L1 की वितीय बोली}}{\text{प्रस्तावक की वित्तीय बोली}} \times 25$$

7.6 तत्पष्चात सभी सक्षम प्रस्तावों का तकनीकी भारांष, परियोजना प्रस्तुतीकरण एवंवित्तीय भारांष का कुल योग किया जायेगा एवं अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले निविदादाता को सफल घोषित किया जायेगा।

7.7 मूल्यांकन–सह–क्रय समिति, प्रस्तावकों के साथ बैठकें कर सकती है तथा उनके प्रस्तुतीकरण एवं उनके प्रस्तावों पर स्पष्टीकरण मांग सकती है।

7.8 ईच्छा की अभिव्यक्ति के जबाबों के मूल्यांकन में समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा इस निमित किसी प्रकार का पत्राचार/वाद दायर नहीं किया जा सकेगा।

7.9 निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी निविदा/वित्तीय निविदा दस्तावेज की प्रस्तुतीकरण/नमूना प्रस्तुतीकरण/परियोजना की समझ/कार्यदक्षता/अनुभव/परियोजना प्रजेंटेषन/कार्य करने की रूपरेखा एवं समय सीमा के आधार पर करते हुए सफल निविदादाता घोषित की जायेगी। प्रत्येक प्रक्रिया का मूल्यांकन आमंत्रित ''ईच्छा की अभिव्यक्ति'' के निर्दिष्ट मापदण्डों और आवष्यकता के अनुसार किया जायेगा।

7.10 मूल्यांकन समिति के पास प्राप्त प्रस्ताव के किसी भाग या सम्पूर्ण भाग को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।



Scanned with OKEN Scanner

7.11 निविदा मूल्यांकन का कुल अंक 100 होगा, जो निम्नवत् आधारित होगा :–

| मूल्यांकन खण्ड/भाग | अधिकतम अंक | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| तकनीकी बीड़ (Technical Bid) | 25 | तकनीकी भारांष की गणना की जायेगी। |
| वित्तीय बीड़ (Financial / Commercial Bid) | 25 | वित्तीय भारांष की गणना की जायेगी। |
| परियोजना प्रस्तुतीकरण (Presentation) | 50 | सीधे प्राप्त अंक की गणना की जायेगी। |

7.12 सफल निविदादाता से दर के संबंध में दरवार्त्ता की जा सकती है एवं तदानुसार अंतिम दर का निर्धारण किया जायेगा।

8. **निविदा के अन्य महत्वपूर्ण शर्त्ते :–**

8.1 सफल निविदादाता को राँची नगर निगम, राँची के साथ एकरारनामा/MOUकरना होगा।

8.2 तकनीकी, वित्तीय एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले प्रस्तावक या सभी सफल प्रस्तावकों से अंतिम दर वार्त्ता करने का अधिकार मूल्यांकन समिति के पास सुरक्षित होगा। इस आधार पर आवश्यकतानुसार एक से अधिक ईकाई के अधिष्ठापन की आवश्यकता होने पर एक ही या एक से अधिक प्रस्तावकों का चयन भी विचारणीय होगा।

8.3 प्रस्तावित कुल परियोजना इकाई की संख्या निर्धारित करने का अधिकार राँची नगर निगम के पास सुरक्षित होगा।

8.4 राँची नगर निगम के पास आमंत्रित "ईच्छा की अभिव्यक्ति" के भाग विषेष को या सम्पूर्ण भाग को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

8.5 सफल निविदादाता को आपूर्त्ति किये गये सामग्री उपकरण पर दिये गये गांरटी/वारंटी अनुरूप निर्धारित समय सीमा तक रख–रखाव करना होगा।

8.6 निर्धारित समय सीमा तक कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में स्वीकृत परियोजना लागत का 5 प्रतिशत राशि की कटौती विपत्र से की जायेगी।

8.7 कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की सम्पूर्ण जिम्मेवारी चयनित प्रस्तावक/संस्था/आपूर्तिकर्त्ता/फर्म आदि की होगी एवं प्रोजेक्ट की स्वीकृत राशि के अतिरिक्त कोई राशि देय नहीं होगा।

8.8 ईच्छा की अभिव्यक्ति में प्राधिकृत व्यक्ति के सम्मिलित होने हेतु संबंधित कंपनी/संस्थान/फर्म के निदेशक/अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत करने संबंधी पत्र की मूल प्रति जमा करनी होगी।



Scanned with OKEN Scanner

8.9 निविदा की प्रक्रिया द्वारा सफल निविदादाता का चयन किया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार कार्यादेश दिया जाएगा। यह निविदा मात्र दर निर्धारण हेतु है।

8.10 संवेदक को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण, विशिष्टयों के अनुरूप एवं विभागीय अभियंता के निर्देशों के अनुसार निष्पादन करना होगा।

सहायक नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची।



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालयः राँची नगर निगम, राँची।

कचहरी रोड, रांची, पिन – 834001

e-mail :- support@ranchimunicipal.com


दिनांकः–3/02/2023

पत्रांक :– 44/

## ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

## ( अल्पकालीन निविदा सूचना)

## ( Short-term Tender Notice)

राँची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 1. अरगोड़ा चौक 2. हिन्दुस्तानी ढाबा के पास के सौन्दर्यीकरण हेतु Vertical Garden का निर्माण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **10.02.2023** के **1.00** बजे अपराह्न तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड़ एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निदेश राँची नगर निगम की वेवसाईट **www.ranchimunicipal.com** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 10.02.2023 के अपराह्न 2.00 बजे** क्रय समिति/मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। आवश्यकतानुसार समर्पित प्रस्ताव का Power Point Presentation (नमूना/विडियों सहित) प्रस्तावकों द्वारा कय समिति/मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा।

3/2/23

**सहायक नगर आयुक्त,**
राँची नगर निगम, राँची।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Scanned with OKEN Scanner